Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 5:12 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 6:51 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ




हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 155 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 11 दिसंबर 2024

बागी 4 के एक और कलाकार का...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### गौशाला में लगी आग, सात पशुओं की जिंदा जलने से मौत



**उत्तरकाशी।** गौशाला में आग लगने से सात पशु जिंदा जल गए। पशुचिकित्सा टीम एवं राजस्व उप निरीक्षक कयार्क की टीम मौके के लिए रवाना हो गई है। उत्तरकाशी के तहसील भटवाड़ी अन्तर्गत ग्राम गौरशाली में दो गौशालाओं में आग लग गई। जिससे यहां गोशाला में बंधे सात पशुओं की मौत हो गई।

### गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर पुनर्निर्माण कार्य शुरू

**केदारनाथ।** केदारनाथ में अधिकतम तापमान माइनस चार और न्यूनतम माइनस 15 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रविवार रात से सोमवार दिनभर हुई बर्फबारी के बाद केदारनाथ में अब चटक धूप खिल रही है। केदारनाथ धाम में मंगलवार को दिनभर मौसम सुहावना रहा। धूप खिली रही तो ठंड का प्रकोप भी कम रहा। केदारनाथ में अभी चार इंच तक बर्फ जमा है। हालांकि, यहां दूसरे दिन भी पुनर्निर्माण कार्य ठप रहे, मगर गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर पुनर्निर्माण कार्य शुरू हो गए हैं। केदारनाथ में अधिकतम तापमान माइनस चार और न्यूनतम माइनस 15 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रविवार रात से सोमवार दिनभर हुई बर्फबारी के बाद केदारनाथ में अब चटक धूप खिल रही है। धाम में मौजूद वुड स्टोन कंस्ट्रक्शन कंपनी के टीम प्रभारी कैप्टन सोवन सिंह (सेवानिवृत्त) ने बताया, धाम में मंदिर मार्ग सहित अन्य कार्यस्थलों पर चार से पांच इंच तक बर्फ जमा है, जिस कारण पुनर्निर्माण कार्य दूसरे दिन भी ठप रहे। दूसरी तरफ गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर पुनर्निर्माण कार्य शुरू हो गए हैं। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता विनय झिक्रांण ने बताया, जंगलचट्टी से रामबाड़ा के बीच काम शुरू कर दिया गया है। बताया, मौसम में सुधार होते ही आने वाले दिनों में अन्य स्थानों पर भी कार्य शुरू कर दिए जाएंगे।

# भारत के पास 2035 तक होगा अपना अंतरिक्ष स्टेशन: केंद्रीय मंत्री

नई दिल्ली
एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 फरवरी को तिरुवनंतपुरम में गगनयान मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों के नामों की घोषणा करने के बाद कहा था कि 2035 तक भारत के पास अपना अंतरिक्ष स्टेशन होगा। अब उनका यह सपना जल्द साकार होता दिख रहा है।

भारत अंतरिक्ष के क्षेत्र में एक के बाद एक नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। अब केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने बड़ा एलान किया है। उन्होंने बताया कि 2035 तक भारत



का अपना अंतरिक्ष स्टेशन होगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा, %हम 2035 तक अपना खुद का अंतरिक्ष स्टेशन बनाने जा रहे हैं। इसे भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन के नाम से जाना जाएगा। इसके अलावा, 2040 तक हम एक भारतीय को चंद्रमा पर उतार सकते हैं।

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 फरवरी को तिरुवनंतपुरम में गगनयान मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों के नामों की घोषणा करने के बाद कहा था कि 2035 तक भारत के पास अपना अंतरिक्ष स्टेशन होगा। अब उनका यह सपना जल्द साकार होता दिख रहा है।

बता दें, अभी तक दुनिया में सिर्फ दो ही अंतरिक्ष स्टेशन हैं और अगर भारत वाकई अपना अंतरिक्ष स्टेशन बनाता है, तो ये ना सिर्फ ऐतिहासिक उपलब्धि होगी, बल्कि भारत दुनिया का तीसरा ऐसा देश बन जाएगा, जिसके पास अपना अंतरिक्ष स्टेशन होगा।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (बीएएस) के लिए योजनाओं का अनावरण किया है, जो भारत का पहला अंतरिक्ष स्टेशन बनने के लिए तैयार है। 52 टन वजनी बीएएस शुरू में तीन अंतरिक्ष यात्रियों की मेजबानी करेगा। हालांकि, भविष्य में इसकी क्षमता छह तक बढ़ाने की योजना है। बंगलूरू के यूआर राव सैटेलाइट सेंटर में आयोजित कन्नड़ तकनीकी संगोष्ठी में यह प्रमुख जानकारी सामने आई है।

### दुबई से वासेपुर के कुख्यात ने भेजा संदेश

# महाबोधि मंदिर को बम से उड़ाने की मिली धमकी

नई दिल्ली/गया
एजेंसी

महाबोधि मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद बिहार, झारखंड और दिल्ली समेत अन्य राज्यों की पुलिस एक्टिव हो गई। साथ ही आरोपी की पहचान कर गिरफ्तार करने में जुट गई है।

बिहार के बोधगया में स्थित महाबोधि मंदिर को एक बार फिर आतंकियों के निशाने पर है। दुबई में छुपा झारखंड राज्य के कुख्यात अपराधी बिक्की ने महाबोधि मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी दी है। बोधगया मंदिर प्रबंधन समिति को यह धमकी एक पत्र के जरिए मिली है। महाबोधि मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद बिहार, झारखंड और दिल्ली समेत अन्य राज्यों की पुलिस एक्टिव हो गई। साथ ही आरोपी की पहचान कर गिरफ्तार करने में जुट गई है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक महाबोधि मंदिर को बम से उठाने की धमकी झारखंड राज्य के धनवाद जिले के वासेपुर का कुख्यात अपराधी प्रिंस खान ने दी है। वहीं, धमकी मिलने के बाद गया पुलिस की एक टीम धनबाद पहुंचकर प्रिंस खान के



घर में छापेमारी कर पूरी तलाशी ली है। झारखंड राज्य के कुख्यात अपराधी प्रिंस इन दिनों दुबई में छिपे होने की खबर है। महाबोधि मंदिर प्रशासन से मिली जानकारी के मुताबिक बताया उन्हें एक पत्र मिला है, जिसमें महाबोधि मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। धमकी देने वाले ने पत्र में पाकिस्तानी एजेंसी आईएसआई का भी जिक्र किया गया है। धमकी भरा पत्र में वासेपुर के कुख्यात अपराधी प्रिंस खान का नाम भी शामिल है। महाबोधि मंदिर उड़ाने की धमकी भरा पत्र मिलने के बाद गया पुलिस की एक टीम सब इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार के नेतृत्व में झारखंड राज्य के धनबाद जिला पहुंची।

इस दौरान झारखंड पुलिस भी बिहार पुलिस का साथ दिया और टीम ने वासेपुर मोहल्ले में प्रिंस खान के घर छापेमारी कर पूरी तलाशी लिया। पुलिस के साथ-साथ बोधगया मंदिर प्रशासन भी यह पुष्टि नहीं कर पाई है कि धमकी भरा पत्र कुख्यात अपराधी प्रिंस खान ने ही भेजा है। या किसी और ने नाम का इस्तेमाल किया है। बिहार पुलिस समेत सुरक्षा एजेंसियां भी इस मामले को गंभीरता से ले रही है और पूरी सावधानी बरत रही है।

# आज और कल चलेगी शीतलहर, बर्फबारी से नैनीताल में बढ़ी ठिठुरन

नैनीताल
हमारे संवाददाता

हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर जिले को छोड़ सभी जिलों में पाला पड़ने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। 13 दिसंबर के बाद प्रदेशभर में मौसम शुष्क रहेगा।

दो दिन में प्रदेश के पर्वतीय जिलों में हुई बर्फबारी व बारिश का असर बुधवार और बृहस्पतिवार को देखने को मिलेगा। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से 11 और 12 दिसंबर को हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर जिले को छोड़ सभी जिलों में पाला पड़ने का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

इन जिलों में शीतलहर से भी ठिठुरन बढ़ेगी। पूर्वानुमान के अनुसार, 13 दिसंबर के बाद प्रदेशभर में मौसम शुष्क रहेगा। मंगलवार को दून का अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री की कमी के साथ 21.8 डिग्री पर रहा, जबकि रात का न्यूनतम तापमान तीन डिग्री की कमी के साथ 5.6 डिग्री रहा। बुधवार के तापमान की बात करें तो दून का अधिकतम तापमान 24 और न्यूनतम तापमान सात डिग्री रहने के आसार है।

### बीडी पांडे जिला अस्पताल में मरीजों को कंबल दिए



**नैनीताल।** नैनीताल में बर्फबारी होने के बाद ठंड बढ़ गई है। ऐसे में राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में रात्रि को मरीजों को ठंड से बचाने के लिए अतिरिक्त कंबल दिए जा रहे हैं। साथ ही वार्ड को गर्म करने के लिए वार्ड में बैड के अनुसार हीटर जलाए जा रहे हैं। बता दें कि सोमवार को नैनीताल में बर्फबारी के बाद ठंड बढ़ने से बीडी पांडे अस्पताल में भर्ती मरीजों के लिए दिक्कतें बढ़ गई हैं। ठंड को देखते हुए अस्पताल प्रबंधन की ओर से अस्पताल के हर वार्ड में भर्ती मरीजों को अतिरिक्त कंबल दिए गए। वार्ड को गर्म करने के लिए हीटर भी लगाए गए। अस्पताल में राउंड करते फि जिशियन डॉ.महिमन सिंह दुग्ताल भी मरीजों को ठंड के विषय में पूछते नजर आए।

# प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों को दी गीता जयंती की शुभकामनाएं

नई दिल्ली
एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को देशवासियों को गीता जयंती पर शुभकामनाएं दीं। हिंदू धर्म के अहम ग्रंथों में से एक गीता की खासियतें बताते हुए पीएम मोदी ने भगवान श्रीकृष्ण को प्रणाम किया। इसके अलावा पीएम मोदी ने पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी और कहा कि प्रणब बाबू एक ऐसी अनूठी हस्ती थे जो एक उत्कृष्ट राजनेता होने के साथ ही अद्भुत प्रशासक और ज्ञान का भंडार भी थे। कांग्रेस के वरिष्ठ एवं अनुभवी नेता मुखर्जी ने भारत का 13वां राष्ट्रपति बनने से पहले कई सरकारों में केंद्रीय मंत्री के रूप में कार्य किया। 31 अगस्त, 2020



को 84 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत के विकास में उनका योगदान उल्लेखनीय है। उनके पास विभिन्न क्षेत्रों में आम सहमति बनाने की अद्भुत क्षमता थी और यह शासन में उनके व्यापक अनुभव और भारत की संस्कृति एवं लोकाचार के बारे में उनकी गहरी समझ के कारण संभव हुआ। मोदी ने कहा, हम अपने देश के लिए उनके दृष्टिकोण को साकार करने के लिए काम करते रहेंगे।

# सुनील पाल व मुश्ताक खान के अपहरण के दो मुख्य आरोपी धरे

मेरठ
एजेंसी

अभिनेता सुनील पाल और मुश्ताक खान के अपहरण कांड में नया खुलासा हुआ है। फर्जी इवेंट कंपनी बनाकर बदमाशों ने अपहरण की हैरतअंगेज पटकथा लिखी थी। अपहरण के दो मुख्य आरोपी बिजनौर निवासी लवी पाल और अर्जुन कर्णवाल को पुलिस ने मंगलवार रात गिरफ्तार कर लिया।

कॉमेडियन सुनील पाल और अभिनेता मुश्ताक मोहम्मद के अपहरण को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। बदमाशों ने फर्जी इवेंट कंपनी बनाकर अभिनेता सुनील पाल और मुश्ताक मोहम्मद के अपहरण की हैरतअंगेज पटकथा लिखी थी। आरोपियों ने अभिनेताओं को विश्वास में लेने के लिए इवेंट कंपनी के लेटर पैड भी छपवाये थे। आरोपियों ने वारदात का ऐसा जाल बुना कि दोनों अभिनेता मुंबई से आकर उनके जाल में फंस गए। लेकिन मीडिया में मामला आने



के बाद पुलिस ने ऐसा जाल बिछाया कि आरोपी उसमें फंस गए। आरोपियों को गिरफ्तार कर की गई पूछताछ में छह अन्य आरोपियों के शामिल होने की जानकारी मिली है। पुलिस अब उनकी गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है।

बदमाशों ने दोनों अभिनेताओं के अपहरण की एक जैसी साजिश रची। मुश्ताक मोहम्मद ने आरोपियों के चंगुल से छूटने के बाद पुलिस को शिकायत नहीं दी। आरोपियों ने इसका लाभ उठाते हुए कॉमेडियन सुनील पाल को भी जाल में फंसा लिया। आरोपियों ने दोनों को बिल्कुल एक जैसे तरीके से कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। दोनों को ऑनलाइन एडवांस दिया गया और फ्लाइट के टिकट भी बुक कराए। खास बात यह रही है कि मुंबई में मुकदमा दर्ज होने व सराफ के शिकायत करने के बावजूद पुलिस ने पूरे प्रकरण में गंभीरता नहीं दिखाई। लेकिन जब मीडिया में मामला सामने आया तो पुलिस अलर्ट हो गई। एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने जिले की दस टीमों को खुलासे व बदमाशों की तलाश में लगा दिया। सराफ अक्षित सिंघल के यहां से मिली सीसीटीवी फुटेज से पुलिस को बदमाशों की पहचान में काफी मदद मिली। जानकारी मिली है कि बदमाशों ने सुनील पाल और मुश्ताक मोहम्मद को किसी कार्यक्रम में बिना सुरक्षाकर्मी के शिरकत करने आते-जाते देख लिया था। इसके बाद ही आरोपियों ने अपहरण की साजिश रचनी शुरू कर दी। बदमाशों ने दोनों कलाकारों से संपर्क करने की तरीका जाने के लिए गूगल और यूट्यूब की भी मदद ली। दोनों के सोशल मीडिया अकाउंट की भी निगरानी की।

अभिनेता सुनील पाल और मुश्ताक मोहम्मद खान के अपहरण के दो मुख्य आरोपी बिजनौर निवासी लवी पाल और अर्जुन कर्णवाल को पुलिस ने मंगलवार रात गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने कार्यक्रम में प्रस्तुति देने के बहाने दोनों अभिनेताओं को हवाई जहाज से बुलाकर अपहरण कर दस लाख की फिरौती वसूली थी। आरोपियों ने फिरौती की रकम से मेरठ के सराफ के शोरूम में खरीददारी की थी। इसी दौरान दोनों सीसीटीवी में कैद हो गए थे।

# न्यायाधीशों के रिक्त पद भरे जाने की मांग

नैनीताल

हमारे संवाददाता



उत्तराखंड हाईकोर्ट में मुख्य न्यायाधीश सहित पांच न्यायाधीशों के पद रिक्त होने पर उत्तराखंड बार कौंसिल व हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने गहरा रोष जताते हुए केंद्र सरकार से उत्तराखंड हाईकोर्ट में यथाशीघ्र न्यायाधीशों के रिक्त पद भरे जाने की मांग की है ।

इसी सिलसिले में मंगलवार को हाईकोर्ट बार सभाकक्ष में पत्रकारों से वार्ता में उत्तराखंड बार कौंसिल के अध्यक्ष व पूर्व सांसद डॉ. महेंद्र सिंह पाल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की कॉलिजियम ने 6 माह पूर्व उत्तराखंड हाईकोर्ट के नए न्यायधीश के नाम की संस्तुति केंद्र सरकार से की थी, इसके अलावा हाईकोर्ट के तीन अधिवक्ताओं के नामों की संस्तुति जज नियुक्त किये जाने के लिये की लेकिन केंद्र सरकार ने इन संस्तुतियों पर कोई निर्णय नहीं लिया और वर्तमान में हाईकोर्ट के लिये स्वीकृत 11 जजों में से केवल 6 ही जज तैनात हैं जिससे उत्तराखंड हाईकोर्ट में लंबित वादों की संख्या 55 हजार से अधिक हो गई है । हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डी.एस. मेहता ने कहा कि जजों की कमी के कारण न्यायिक कार्य सही तरीके से नहीं हो पा रहे हैं और वादकारियों को समय पर न्याय नहीं मिल पा रहा है। रजिस्ट्री द्वारा जारी की जा रही डेली व वीकली फ्कॉज लिस्ट्स् के मामलों की भी सुनवाई नहीं हो पा रही है । अपीलों व जमानत प्रार्थना पत्रों पर सुनवाई न होने से जेल मैन्युवल का भी उल्लंघन हो रहा है और काफी संख्या में लोग जेलों में बंद हैं । वरिष्ठ अधिवक्ता पुष्पा जोशी ने कहा कि उत्तराखंड हाईकोर्ट में जजों की कमी से न्यायिक कार्य प्रभावित हुए हैं जिसका खामियाजा वादकारियों को भुगतना पड़ रहा है। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के महासचिव बीरेंद्र रावत ने कहा कि बार एसोसिएशन इस मुद्दे ओर शीघ्र केंद्रीय कानून मंत्री व अन्य सम्बंधित अधिकारियों से मिलेगा। पत्रकार वार्ता में वरिष्ठ सदस्य भुवनेश जोशी, राहुल अधिकारी, आनंद सिंह मेर, विनोदानंद बर्थवाल तथा बीएस रावत, अक्षय लटवाल तथा सुनील कुमार सहित कई अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

## NEWS / फटाफट

### खुलेआम शराब पीना शराबियों को पड़ा महंगा

**नैनीताल ।** भवाली व आलूखेत रोड में सार्वजनिक स्थान पर शराब पीना शराबियों को महंगा पड़ गया। पुलिस ने शराबियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सख्त हिदायत दी है। बता दें कि तल्लीताल क्षेत्र में पुलिस को नशेडियों की ओर से भवाली रोड में शराब पीने की शिकायतें मिल रही थी। लोगों की शिकायत पर पुलिस की ओर से मंगलवार को भवाली व आलूखेत रोड में गश्त की गई। भवाली रोड में कई लोग सडक़ किनारे खड़े वाहनों के पीछे सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते नजर आए। सडक़ किनारे शराब पीने वाले लोगों के हल्ले से वहां से गुजर रहे लोगों को असहज होना पड़ रहा था वहीं आलूखेत सडक़ में गश्त के दौरान वहां भी कई शराबी शराब पार्टी करते नजर आए। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने पर नैनीताल निवासी दीपक चिलवाल तथा हर्षवर्धन व रंजीत सिंह व वीरेंद्र मेहता के खिलाफ पुलिस एक्ट में कार्रवाई की गई है।

### स्कूटी से चार लोगों के सफर करने पर स्कूटी की सीज

**नैनीताल ।** नैनीताल- भवाली रोड में एक स्कूटी से चार लोगों को सफर करना महंगा पड़ गया। पुलिस ने वाहन कार्रवाई करते हुए स्कूटी सीज कर दी है। बता दें कि पुलिस की सख्ती के बाद भी दो पहियां वाहन में तीन सवारी बैठाकर युवा फ र्राटे भर रहे हैं। इधर मंगलवार को तल्लीताल पुलिस की ओर से भवाली रोड में गश्त की तो कैलाखान के समीप भवाली से नैनीताल की ओर एक स्कूटी आते पुलिस ने रोकी। जब स्कूटी पुलिस के समीप पहुंची तो स्कूटी में चार लोगों को बैठा देख पुलिस भी दंग रह गई। पुलिस ने स्कूटी रोकी तो स्कूटी में दो युवक व दो युवतियां सवार थी। जिस पर पुलिस ने स्कूटी सवारों को जमकर फटकार लगाई। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि रामपुर निवासी अदनान के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसकी स्कूटी यूपी 22 बीडी 6673 सीज कर दी है। बताया कि इसके अतिरिक्त यातायात नियमों का उलंघन करने पर अन्य वाहन सीज व 20 के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है।

### मनोज बने कृषि उत्पादन एवं विपणन बोर्ड सलाहकार



**नैनीताल ।** भाजपा नगर मंडल के पूर्व अध्यक्ष,पालिका के पूर्व सभासद तथा राज्य आंदोलनकारी मनोज जोशी को सुबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कृषि उत्पादन एवं विपणन बोर्ड (मंडी) का सलाहकार नियुक्त किया है। जोशी के मुताबिक कुमाऊं मंडल के रुद्रपुर में हुए एक कार्यक्रम के दौरान राज्य मंत्री डा.अनिल कपूर डब्बू ने उन्हें सम्मानित कर उन्हें यह जिम्मेदारी सौपी। जोशी को मंडी का सलाहकार नियुक्त होने पर सांसद अजय भटट्, विधायक सरिता आर्या समेत मंडल अध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट, नितिन सिंह कार्की, मोहित लाल साह,भूपेंद्र सिंह बिष्ट,विकास जोशी,विमल बिष्ट, कविता गंगोला, जीवंती भट्ट, दीपिका बिनवाल, तारा राणा, अरविन्द सिंह पडियार समेत कई पार्टी पदाधिकारियों व सदस्यों ताथ उनके शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी है।

### अग्निवीर परीक्षा आज, सेना व पुलिस बल भी तैनात

**रुड़की ।** अग्निवीर परीक्षा को लेकर भर्ती केंद्र के पास बैरिकेडिंग की गई है। सेना के साथ-साथ पुलिस भी तैनात है। हुड़दंग करने वालों पर पैनी नजर रहेगी। अधिकारी पल-पल की जानकारी लेंगे। आज बुधवार से शुरू होने वाली अग्निवीर परीक्षा को लेकर पुलिस और सेना की ओर से कड़े इंतजाम किए गए हैं। भर्ती परीक्षा केंद्र में एंट्री के लिए बैरिकेडिंग की गई है। बिना बैरिकेडिंग के कोई भर्ती केंद्र के अंदर नहीं जा पाएगा। उधर, हुड़दंग करने वालों पर भी पुलिस की पैनी नजर रहेगी। पुलिस अधिकारी भर्ती प्रक्रिया का रोजाना पल-पल का अपडेट भी लेंगे। 11 से 21 दिसंबर तक अग्निवीर भर्ती परीक्षा चलेगी। इसमें कई प्रदेशों के युवा प्रतिभाग करेंगे। युवाओं की भारी भीड़ आने के चलते पुलिस-प्रशासन ने यातायात रूट प्लान समेत पुलिस सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। युवाओं के रहने की भी व्यवस्था की गई है।




# वनों की सुरक्षा के लिए ग्रामीणों को किया जागरूक

धारी

हमारे संवाददाता

नैनीताल वन प्रभाग द्वारा पजैना वन पंचायत में वनाग्नि सुरक्षा पर गोष्ठी आयोजित की गई। इस दौरान वनों को आग से बचाने के संबंध में ग्रामीणों को विस्तृत जानकारी दी गई। वन आरक्षी ललित सिंह भौर्याल एवं वन बीट अधिकारी ढोलीगांव अनिल कुमार ने ग्रामीणों को वनों में लगने वाली आग से बचाने को जागरूक किया। कहा कि वनों में आग लगने से पर्यावरण को काफी नुकसान होता है। आग की घटनाओं की रोकथाम के लिए तत्काल वन प्रभाग के क्षेत्रीय कार्यालयों में सूचना देनी चाहिए, ताकि जीव जंतुओं को बचाया जा सके। आग से वनों को बचाया जा सके। वनसरपंच पजैना चन्दन सिंह बिष्ट ने कहा कि कहा कि जंगलों में आग से कई प्राणियों को नुकसान पहुंचता है, वहीं पर्यावरण और हमारे दैनिक जीवन पर भी इसका बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने सभी ग्रामवासियों से अनुरोध किया कि जंगलों को आग से बचाने में सहयोग करें और क्रू स्टेशन में तैनात फायर कर्मचारियों को सूचित करें। इस दौरान वन आरक्षी ललित सिंह भौर्याल एवं अनिल कुमार एवं पजैना वन पंचायत के ग्रामीण मौजूद रहे।

# एकादशी तिथि को भगवत गीता जयंती के रूप में मनाएंगे

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिला मुख्यालय नैनीताल के समीपवर्ती गेठिया गांव निवासी आचार्य पंडित प्रकाश चंद्र जोशी ने कहा है कि अबकी बार भगवत गीता जयंती (मोक्षदा एकादशी)बुधवार (आज) को मनाई जाएगी। जोशी के मुताबिक आज ही के दिन नंदन भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को गीता का ज्ञान दिया था इसीलिए, मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष एकादशी तिथि बहुत महत्वपूर्ण मानी जाती है, और यह दिन गीता जयंती के रूप में मनाया जाने लगा।

आचार्य पंडित जोशी की मानें तो इस दिन उपवास करने से मन पवित्र तथा शरीर स्वस्थ होता है, पापों से छुटकारा मिलता है तथा जीवन में सुख शांति आती है एवं मोक्ष प्राप्त होता है। कौरव और पांडवों के बीच कुरुक्षेत्र में हुए युद्ध के प्रथम दिन इस ज्ञान को नंद नंदन भगवान श्री कृष्ण ने दोनों सेनाओं के बीच रथ पर खड़े होकर यह ज्ञान दिया था। इस ज्ञान की शुरुआत तब हुई जब अर्जुन ने दोनों और की सेनाओं में अपने ही बंधु बांधवों को देखकर युद्ध करने से इनकार कर दिया था। इस दिन कुरुक्षेत्र में महाभारत का युद्ध लड़ा गया था और तब लाखों लोग मृत्यु को प्राप्त हो गए थे। कहा कि वेदों का सार उपनिषद और उपनिषदों का सार गीता है इसलिए इसे गीतोपनिषद् भी कहते हैं। श्रीमद् भगवत गीता सभी हिंदू ग्रंथों का निचोड़ और सार तत्व है। इसीलिए यह सर्वमान्य हिंदू धर्म ग्रंथ है। गीता के ज्ञान में धर्म के सभी मार्गों को बताया गया है जिस पर चलकर मनुष्य मोक्ष प्राप्त कर सकता है। पंडित जोशी ने बताया कि इस दिन यदि एकादशी तिथि की बात करें तो 45 घड़ी 23 पल अर्थात मध्य रात्रि 1.09 बजे तक एकादशी तिथि है। इस दिन रेवती नामक नक्षत्र 11 घड़ी 59 पल अर्थात प्रातः 11.48 बजे तक है। वणिज नामक करण 18 घड़ी 39 पल अर्थात अपराह्न 2.28 बजे तक है। सबसे महत्वपूर्ण यदि इस दिन के चंद्रमा की स्थिति को जानें तो इस दिन चंद्र देव प्रात: 11.48 बजे तक मीन राशि में विराजमान रहेंगे तदुप्रांत चंद्र देव मेष राशि में प्रवेश करेंगे। यदि इस दिन के भद्रा के बारे में जाने तो इस दिन दोपहर 2.28 से मध्य रात्रि 1.09 बजे तक भद्रा रहेगी।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। -संपादक

पूर्व प्रधान संपादक: स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा उत्तरांचल दीप प्रेस चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# कुमाऊं विवि के 19वें दीक्षांत समारोह की तिथि में फेरदल

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विवि का 19वां दीक्षांत समारोह 16 दिसंबर (सोमवार) को आयोजित किया जा रहा है जिसकी वजह से इस दिन होने वाली परीक्षा की तिथियों में विवि प्रशासन की ओर से फेरबदल किया गया है। कुमाऊं विवि के कुल सचिव डा.मंगल सिंह मंद्रवाल के मुताबिक वर्तमान में कुमाऊं विवि की परीक्षाएं चल रही है।

बताया कि स्नातक तृतीय व पंचम सेमेस्टर मुख्य तथा बैक (एनईपी) तथा बीसीए पंचम सेमेस्टर व बीकाम आनर्स पंचम सेमेस्टर मुख्य तथा बैक परीक्षा के परीक्षा कार्यक्रम में 16 दिसंबर (सोमवार) को विवि के दीक्षांत समारोह होने के चलते परीक्षा तिथि में परिवर्तन कर दिया गया है। डा.मंद्रवाल के मुताबिक बीए/ बीएससी/ बीकाम तृतीय सेमेस्टर (एनईपी) मेजर के विभिन्न प्रश्नपत्रों की परीक्षा जो 16 दिसंबर को सुबह 9 से 12 बजे तक थी वह अब आगामी 8 जनवरी (बुधवार) को सुबह 9 से 12 बजे तक होगी। इसी क्रम में बीए/बीएससी/बीकाम पांचवें सेमेस्टर (एनईपी) मेजर प्रथम पेपर की विभिन्न विषयों की परीक्षा जो 16 दिसंबर को अपराह्न 1 से लेकर शाम को 4 बजे तक थी वह अब आगामी 10 जनवरी (शुक्रवार) को अपराह्न एक से लेकर 4 बजे तक होगी। इसी तरह बीसीए पंचम सेमेस्टर की जो परीक्षा 16 दिसंबर को अपराह्न एक बजे से शाम को चार बजे तक थी वह अब आगामी 18 दिसंबर (बुधवार) को अपराहन एक से शाम को चार बजे तक होगी।

डा.मंद्रवाल के मुताबिक बीकाम आर्नस के विभिन्न प्रश्नपत्रों की जो परीक्षा 16 दिसंबर को अपराह्न एक बजे से लेकर शाम 4 बजे तक थी वह अब आगामी 20 दिसंबर (शुक्रवार) को अपराह्न एक बजे से लेकर शाम चार बजे तक होगी। उन्होंने बताया कि परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए संशोधित परीक्षा कार्यक्रम विवि की बेवसाईड में भी अपलोड कर दिया गया है।

# 15 मार्च से होगी बडक़ोट में नियमित पानी की सप्लाई

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट में उत्तरकाशी के बडक़ोट को पानी की समस्या से निजात दिलाए जाने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई कार्यवाहक मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ में हुई। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 5 मार्च 2025 की तिथि नियत की है।



बता दें कि मामले की सुनवाई पर पूर्व के आदेश का पालन करते हुए राज्य सरकार ने शपथ पत्र पेश कर कहा कि राज्य सरकार 15 मार्च 2025 तक बडक़ोट में जरूरत के अनुसार नियमित पानी की सप्लाई कर देगी। जितनी वर्तमान में वहाँ जरूरत है। जो 57 की करोड़ की बडी योजना की डीपीआर उन्हें मिल चुकी है,उसका कार्य प्रगति पर है। पूर्व में कोर्ट ने एमडी पेयजल व सेक्रेट्री पेयजल से पूछा था कि वहाँ की कितनी जनसँख्या है और कितने लीटर पानी की आवश्यकता है। कोर्ट को बताएं, मंगलवार को उनके द्वारा कोर्ट को अवगत कराया कि वहाँ की जनसँख्या दस हजार पाँच सौ है उसी को आधार मानते हुए बडक़ोट वासियों 15 मार्च 2025 तक पानी की नियमित सप्लाई हो जायेगी जबकि इसका बिरोध करते हुए उनके अधिवक्ता द्वारा कहा गया कि यह रिपोर्ट गलत है बडक़ोट की आवादी 30 हजार के करीब है उसी की वजह से बडक़ोटवासी पानी की मार झेल रहे हैं। पानी की खपत अधिक है पानी की सप्लाई कम।

मामले के अनुसार निवासी सुनील थपलियाल ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि बडक़ोट में पानी की समस्या हो रही है जिसको लेकर क्षेत्रवासी पिछले 6 जून से तहसील परिसर में क्रमिक धरना प्रदर्शन कर रहे हैं, क्षेत्रवासी टैंकरों से पानी ला ला कर परेशान हो रहे हैं, जबकि 500 मीटर की दूरी पर नदीं है लेकिन प्रशासन ने अभी तक उनकी इस समस्या का समाधान करने में कोई मदद अभी तक नही की।

इस समस्या का समाधान हेतु क्षेत्र वासियों ने कई बार मुख्यमंत्री सहित प्रसाशन को प्रत्यावेदन दिए परन्तु अभी तक उनके प्रत्यावेदनों पर कोई निर्णय नही लिया गया। आक्रोशित होकर क्षेत्रवासियों ने पिछले 6 जून से क्रमिक धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। उनके द्वारा दिए गए प्रत्यावेदनों में कहा गया कि इस समस्या का समाधान एकमात्र उपाय तिलाड़ी से बकडोट के लिए पम्पिंग योजना का निर्माण करने से हो सकता है इसलिए इसकी शीघ्र स्वीकृत करने के आदेश सरकार व पेयजल निगम को दिए जाएं।

# अभिमत

## हिंसा का बच्चों पर प्रभाव

***भारत में महानगरों से लेकर कस्बों और गांवों में नई पीढ़ी का स्वभाव बदल रहा है। तरह-तरह के अपराध और हिंसक घटनाएं बढ़ने का एक कारण सोशल मीडिया पर परोसी जा रही गलत सामग्री है। विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों एवं सामाजिक संस्थाओं ने विचार गोष्ठी आयोजित करके विशेषज्ञों से सलाह ली है। समाजशास्त्रियों की राय है कि बच्चों तथा किशोर उम्र के छात्र-छात्राओं को मोबाइल फोन के इस्तेमाल से रोका जाये। स्कूल में मोबाइल लेकर जाने पर पूरी तरह प्रतिबंध होना चाहिए।***

सोशल मीडिया का दुरुपयोग खतरनाक साबित हो रहा है। भारत के साथ अन्य देशों में भी सोशल मीडिया से नये-नये खतरे उत्पन्न हो रहे हैं। ब्रिटेन में यूथ इनडाउनमेंट फंड (वाईईएफ) ने बच्चों पर सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव का अध्ययन किया है। सोशल मीडिया पर हिंसा देखने के बाद बच्चे इस कदर डर रहे हैं कि खुद को घर में कैद करने को मजबूर हैं। घर से बाहर निकलने में सुरक्षित महसूस नहीं करते हैं। सोशल मीडिया कंपनियों को हिंसक कंटेंट पर रोक लगाने की सलाह दी गई है। कंपनी मेटा ने इस खतरे पर संज्ञान लेते हुए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) के जरिये घातक कंटेंट हटाना शुरू किया है। स्नैपचैट द्वारा हथियार और हिंसा जैसी सामग्री पर प्रतिबंध लगाने का प्रयास किया जा रहा है। दरअसल शोध के माध्यम से पता चला है कि हिंसक कंटेंट का असर बच्चों के मस्तिष्क पर पड़ रहा है। किशोर अवस्था में छात्र-छात्राएं गलत आदतों में पड़ रहे हैं। हिंसक वीडियो देखने के कारण बच्चों का व्यवहार बदल रहा है। बच्चे हिंसक सामग्री देखने के बाद घर-परिवार में अभद्र व्यवहार कर रहे हैं। ज्यादातर बच्चे लड़ाई-झगड़ा, चाकूबाजी और भीड़ की हिंसा देखने के बाद डर जाते हैं और स्कूल जाने में भी असुरक्षित महसूस करते हैं। भारत में महानगरों से लेकर कस्बों और गांवों में नई पीढ़ी का स्वभाव बदल रहा है। तरह-तरह के अपराध और हिंसक घटनाएं बढ़ने का एक कारण सोशल मीडिया पर परोसी जा रही गलत सामग्री है। विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों एवं सामाजिक संस्थाओं ने विचार गोष्ठी आयोजित करके विशेषज्ञों से सलाह ली है। समाजशास्त्रियों की राय है कि बच्चों तथा किशोर उम्र के छात्र-छात्राओं को मोबाइल फोन के इस्तेमाल से रोका जाये। स्कूल में मोबाइल लेकर जाने पर पूरी तरह प्रतिबंध होना चाहिए। सोशल मीडिया से बच्चे और किशोर अवस्था के विद्यार्थी करीब-करीब अनभिज्ञ थे। वैश्विक महामारी कोरोना के प्रकोप के दौरान लॉकडाउन लागू होने पर शिक्षा संस्थानों ने ऑनलाइन पढ़ाई का विकल्प चुना। संपन्न वर्ग के अभिभावकों ने कम्प्यूटर और लैपटॉप बच्चों को उपलब्ध कराये। आर्थिक रूप से कमजोर व मध्यम वर्ग के बच्चों को मोबाइल फोन पर कामचलाऊ पढ़ाई कराई गई। कोरोना का प्रकोप खत्म होने के बाद किशोर और युवाओं को मोबाइल की लत जैसी लग गई। अभिभावकों से जिद करके बच्चे मोबाइल मांगते हैं और सोशल मीडिया की गलत सामग्री का दुष्प्रभाव पड़ रहा है। ऐसी घटनाएं भी सामने आई हैं कि मोबाइल फोन नहीं दिलाने पर किशोर उम्र के विद्यार्थियों ने आत्मघाती कदम उठाये हैं।

# मांग: बांग्लादेश सरकार प्रभावी कदम उठाए





**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

भारत रक्षा मंच नैनीताल की ओर से मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर बांग्लादेश में हिंदू, बौद्ध और ईसाई अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार के विरोध में पंत पार्क मल्लीताल में जन सभा आयोजित की गई जिसके बाद पंत पार्क से मालरोड होते हुए तल्लीताल गांधी चौक तक एक भारी नारेबाजी के बीच विशाल जनाक्रोश रैली निकाली गई। बाद में गांधी चौक पर एडीएम फिं चा राम चौहान के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। दिन भर चले इस कार्यक्रम में नैनीताल समेत भीमताल, बेतालघाट, भवाली, रामगढ़ तथा मुक्तेश्वर आदि क्षेत्रों के हजारों लोगों ने प्रतिभाग किया।

इस दौरान मुख्य वक्ता के रुप में अनंत विभूषित जगद्गुरु शंकराचार्य, स्वामी अनंतानंद सरस्वती राजगुरु मठ पीठाधीश्वर काशी, स्वामी करुणाशंकर महाराज महामंडलेश्वर राजगुरु मठ शिवाला धार काशी समेत प्रांत संगठन मंत्री धर्मजागरण विभाग उत्तराखंड कोटद्वार ऋतुराज, प्रांत संगठन मंत्री भारत रक्षा मंच उत्तराखंड आशीष बाजपेई, जिला प्रचारक राहुल, नैनीताल विधायक सरिता आर्या, भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा, रजिस्ट्रार बिड़ला डॉ. हेम पांडे, एडीजीसी रामसिंह रौतेला, डा. दीपक मेलकानी, राजेंद्र सिंह बिष्ट, रमेश जीना, नवीन भट्ट, अरविंद सिंह पडियार, डॉ. मोहित सिंह रौतेला, दया किशन पोखरिया, कामेश्वर प्रसाद काला, आनंद सिंह बिष्ट, कविता गंगोला,डा. प्रगति जैन आदि सहित समस्त नगरवासी मौजूद रहे साथ ही सुरक्षा के नजरिए से मौके पर पुलिस बल भी तैनात रहा।

ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति से मांग की गयी कि संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद और अन्य अंतरराष्ट्रीय निकायों की ओर से एक स्वतंत्र जांच आयोग गठित किया जाए जो बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों की निष्पक्ष और विस्तृत जांच करे,बांग्लादेश सरकार यह सुनिश्चित करे कि धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा और भेदभाव में शामिल कट्टरपंथियों को न्याय के दायरे में लाया जाए और उन्हें कठोर सजा दी जाए तथा हिंसा और उत्पीड़न से प्रभावित अल्पसंख्यक समुदायों के पुनर्वास के लिए बांग्लादेश सरकार विशेष योजनाएँ बनाए और उनके आर्थिक सामाजिक व सांस्कृतिक नुकसान की भरपाई के लिए मुआवजा प्रदान करे तथा महिलाओं और बच्चों के खिलाफ कट्टरपंथियों द्वारा जबरन धर्मांतरण तथा अपहरण और हिंसा को रोकने के लिए बांग्लादेश सरकार प्रभावी कदम उठाए।

## धर्मगुरु दलाई लामा के स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की

**नैनीताल।** जिला मुख्यालय स्थित राजकीय बी.डी.पांडे जिला अस्पताल में नगर के प्रतिष्ठित खंपा परिवार के लोगों ने आज ही के दिन 10 दिसंबर 1989 को उनके धर्मगुरु दलाई लामा को नोबेल पुरूस्कार से सम्मानित होने की खुशी में मरीजों को फल बांटे साथ ही सभी मरीजों के लिए जल्द स्वस्थ्य होने की प्रार्थना की। इस दौरान खंपा परिवार के मुखिया आनंद सिंह खंपा ने जिला अस्पताल के पीएमएस डा.तरुण कुमार टम्टा से अनुमति लेकर मेट्रन शशि कला पांडे के नेतृत्व में जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों व अस्पताल के स्टाफ को फ ल वितरित किए। आनंद खंपा ने बताया कि 10 दिसंबर 1989 को दलाई लामा को शांति के लिए नोबेल पुरूस्कार से सम्मानित किया था। दस दिसंबर को उनको याद करते हुए उनके परिवार की ओर से जिला अस्पताल में मरीजो तथा स्टाफ को फ ल बांटे। इस दौरान पालदें सांगमो खम्पा, तेंजीन कुंगा खम्पा, तेंजीन छिरिंग खम्पा व नर्सिंग अधिकारी जानकी कनवाल आदि मौजूद रहे।

## विशेष कैरल गायन संध्या का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



नगर के सुप्रसिद्ध ऑल सेंट्स कॉलेज की प्रधानाचार्या किरन जरमाया के आवास पर मंगलवार को एक विशेष कैरल गायन संध्या का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम क्रिसमस के पवित्र उत्सव की शुरुआत का प्रतीक था।

कार्यक्रम में पास्टर जॉन जॉर्ज मुन्नवर तथा श्रीमती मुन्नवर सहित कई गुरुजनों और अतिथियों ने भाग लिया। इस दौरान चारों ओर सुंदर रोशनी और सजावट से माहौल जीवंत हो उठा। कैरल गायकों ने साइलेंट नाइट--, जॉय टू द वर्ल्ड और ओ होली नाइट तथा वी थ्री किंग्स जैसे प्रसिद्ध गीतों के साथ साथ स्थानीय भाषा में भी जागो सोने वालों--- तथा तेरा हो अभिषेक--- तथा गुनहगारों को देने सहारा आदि क्रिसमस गीत गए।

इस दौरान गायन के साथ-साथ पियानो और ढपली की मधुर धुनों ने कार्यक्रम को और भी शानदार बना दिया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक प्रार्थना और वी विश यू अ मैरी क्रिसमस-- गीत के साथ हुआ। उपस्थित सभी लोगों के चेहरे पर मुस्कान और हृदय में आनंद का अनुभव स्पष्ट दिख रहा था।

बता दें कि इस संध्या ने न केवल क्रिसमस उत्सव की शुरुआत को चिह्नित किया बल्कि विद्यालय परिवार को एक साथ आने और प्रेमए सौहार्द और सामूहिकता की भावना को मजबूत करने का भी अवसर प्रदान किया। यह आयोजन सभी के लिए एक सुखद अनुभव था और यह आने वाले त्योहार के लिए एक प्रेरणादायक शुरुआत साबित हुआ।

# फिल्मी दुनिया

## संजय दत्त के बाद बागी 4 के एक और कलाकार का खुलासा




*बागी 4 में संजय दत्त खलनायक की भूमिका निभाने वाले हैं। वहीं, अब फिल्म के निर्माताओं ने बागी 4 में मुख्य नायिका का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री का खुलासा कर दिया है। टाइगर श्रॉफ की बागी 4 ने अपने पोस्टर रिलीज के बाद सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है। कल यानी 9 दिसंबर को ही निर्माताओं ने फिल्म के खलनायक का खुलासा किया और यह कोई और नहीं बल्कि संजय दत्त हैं। उनके खूनी पोस्टर के अनावरण के बाद अब फिल्म में नायिका का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री के बारे में अपडेट सामने आया है। सोनम बाजवा अब इस बागी फ्रेंचाइजी की चौथी किस्त में टाइगर के साथ रोमांस करने के लिए तैयार हैं। टाइगर श्रॉफ और संजय दत्त के बागी 4 के रोमांचक पोस्टर्स के बाद अब प्रशंसक फिल्म में सोनम के लुक को देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बागी बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ द्वारा निर्देशित और साजिद नाडियाडवाला द्वारा निर्मित एक हिट फिल्म फ्रेंचाइजी है। लोकप्रिय बागी फ्रेंचाइजी की चौथी किस्त ए. हर्षा द्वारा निर्देशित है और इसमें संजय दत्त खलनायक और सोनम बाजवा मुख्य महिला के रूप में हैं। नए और रोमांचक कलाकारों और अभिनेताओं के नए लुक के साथ फिल्म ने पहले ही काफी चर्चा बटोर ली है। यह 5 सितंबर, 2025 को सिनेमाघरों में आने के लिए तैयार है।*

## दो फिल्मों में नजर आएंगी सोनम, फिल्म टीम में स्वागत

*आज यानी 10 दिसंबर को फिल्म के निर्माताओं ने घोषणा की कि सोनम बाजवा ने साजिद नाडियाडवाला की दो बैक-टू-बैक परियोजनाओं का समर्थन किया है। पंजाबी अभिनेत्री सोनम बाजवा, अक्षय कुमार की हाउसफुल 5 और अब बागी 4 के साथ बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। नाडियाडवाला ग्रैंडसन के आधिकारिक ट्विटर हैंडल ने अपने अकाउंट पर सोनम की एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें वह बागी परिवार में अभिनेत्री का स्वागत करते नजर आए।*

# बांगलादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध सरकार का पुतला फूंका

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिले के भवाली शहर में मंगलवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन मेहरा के दिशा निर्देश पर बांगलादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में मोदी सरकार का पुतला फूंका।

पुतला दहन से पूर्व गुस्साएं कांग्रेसियों ने मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। इस दौरान गुस्साएं कांग्रेसियों ने मोदी सरकार होश में आओ तथा मोदी सरकार शर्म करो,हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार बंद करो, इस दौरान महिला जिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट ने कहा कि एक ओर जहां बांगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना को अपने बगल में बैठाएं हुए हैं वही दूसरी ओर मंगलवार को नैनीताल में बांगलादेश के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं जो बेहद चिंताजनक है। कहा कि मोदी सरकार समाज की भोली भाली जनता को गुमराह कर रही है। कहा कि मोदी सरकार को इस मुद्दे को गंभीरता से लेना चाहिए।

कहा कि केंद्र सरकार बेरोजगारी व पलायन को रोकने में पूरी तरह विफल रही है। इस मौके पर नगर अध्यक्ष कंचन सुयाल, पीएससी सदस्य खष्टी बिष्ट,पूर्व पालिकाध्यक्ष दयाल आर्य, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता संजीव भगत समेत सुजान रजवार, हरेंद्र आर्य, रमेश आर्य, उषा कनौजिया, मोहन आजाद तथा इदरीश खान, लोकेश जोशी व मानवेंद्र शाह समेत कई कांग्रेसी मौजूद थे।

## News कॉर्नर

### निकाय चुनाव को लेकर अब भी संशय

**हल्द्वानी।** नगर निकाय चुनावों को लेकर अध्यादेश मंजूर होने के बाद भी चुनाव कब होंगे, यह अभी स्पष्ट नहीं है। शहरी विकास निदेशालय से लेकर शासन में बैठे अफसर तक स्पष्ट रूप से कुछ कहने से बच रहे हैं। अभी नियमावली के ड्राफ्ट पर मुख्यमंत्री का अनुमोदन शेष है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज हो चुकी है। सप्ताहभर पहले ही राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से निकायों की निर्वाचक नामावली को अपडेट करने से जुड़े निर्देशों के बाद संभावना जताई जा रही है कि प्रदेश में निकाय चुनाव अगले साल तक हो सकते हैं। राज्य निर्वाचन आयोग ने सभी जिलाधिकारी को पत्र भेजकर नगर निकाय क्षेत्रों में एक जनवरी 2025 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले नए वोटरों के नाम निर्वाचक सूची में दर्ज करने के निर्देश दिए हैं, इसके लिए 8, 9, 10 दिसंबर को विशेष कैंप भी लगाए जा चुके हैं। यह प्रक्रिया 15 दिसंबर तक पूरी होनी है। इसके बाद अपडेट सूची निकायों की मतदाता सूची में शामिल की जाएगी।

### देहरादून समेत तीन शहरों की आयरन स्क्रैप फर्मों पर छापा

**देहरादून।** अपर आयुक्त गढ़वाल जोन पीएस डुंगरियाल व संयुक्त आयुक्त अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में विशेष अन्वेषण इकाई की पांच टीमों ने देहरादून में दो, ऋषिकेश में एक, हरिद्वार में दो आयरन स्क्रैप फर्मों में छापा मारा। राज्य कर विभाग की विशेष अन्वेषण इकाई की टीम ने देहरादून, ऋषिकेश व हरिद्वार में आयरन स्क्रैप फर्मों पर छापा मारकर 12 करोड़ का इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) फर्जीवाड़ा पकड़ा। स्क्रैप कारोबारी बिना खरीदारी के ही फर्जी बिल बनाकर आईटीसी का लाभ ले रहे थे। कार्रवाई के दौरान स्क्रैप कारोबारियों ने गलती स्वीकार कर 60.50 लाख रुपये जमा किए। राज्य आयुक्त कर अहमद इकबाल के दिशानिर्देश पर जीएसटी चोरी रोकने को विभाग ने अभियान चलाया है।

# विधायक शिव ने भूरारानी क्षेत्र में जिला योजना से स्वीकृत निर्माण कार्य का शुभारंभ किया

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

विधायक शिव अरोरा ने भूरारानी क्षेत्र में लबे अरसे से चली आ रही निर्माण कार्य मांग को पूरा करते हुए निर्माण कार शुभारंभ किया। निर्माण कार्य जिला योजना से स्वीकृत 30 लाख की लागत से भूरारानी छतरपुर मार्ग के सिटी वन से सिल्वर ओक तक दोनों ओर इंटरलॉकिंग टाइल निर्माण कार्य शुरू हो गया। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि इस निर्माण से स्थानीय लोगो को काफ़ी लाभ मिलेगा, अवगमन सुगम होगा। उन्होंने पीछले ढाई वर्ष में उनके द्वारा रुद्रपुर क्षेत्र में किये गये निर्माण कार्यों को जनता के बीच गिनाया एक जनप्रतिनिधि के रूप में रुद्रपुर क्षेत्र की सेवा करने के बाद से उन्होंने ऐसे ऐसे निर्माण कार्यों को करवाया जिसकी सुध कई दशकों से किसी ने नहीं ली थी। लोग आये और झूठी घोषणा कर चले गये लेकिन जनता को धरातल पर निराशा हाथ लगी। कहा कि उन्होंने जो बोला उसको प्राथमिकता के आधार निभाया। मार्ग जो जिला योजना से स्वीकृत था उसका भी सीसी मार्ग व दोनों ओर नाली निर्माण जिसकी लागत 30 लाख है। इस दौरान विधायक ने कहा कि मार्ग इतनी दुर्दशा थी जिसको देख अंदाजा लगाना मुश्किल है की यहाँ रोड है,गड्ढो में रोड है। विधायक ने उक्त मार्ग को जिल कार्यदायी संस्था पीडब्लूडी व ठेकेदार को सख्त हिदायत दी कि कार्य उचित गुणवत्ता का हों ओर निर्माण कार्य में कोई लापरवाही न बारती जाये। विधायक के पहुंचने पर वहां के लोगों ने स्वागत किया। इस दौरान पूर्व पार्षद मोहन खेड़ा,बब्लू सागर, राजाराम यादव,एमपी सिंह,गुरमीत सिंह, मयंक कक्कड़, गुरमीत सिंह,कमलेश सिंह, मदन सिंह, राकेश शर्मा, पीडब्लूडी जेई बसेड़ा,यतेंद्र कुमार, नागेंद्र सिंह, तारा दत्त,आँसू पाल,ओम प्रकाश,लीलावती, नारायण दत्त तिवारी,मुन्नी देवी,अंजली नेगी, विमला नेगी, दर्शन सिंह, पारुल परगई, गीता कौर, लता पाल, सुनीता रावत, विशेष सिंह, मनोज कुमार, रीना मंडल, पुष्पा सरकार, प्रकाश मंडल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



# जनपद में आधा दर्जन अवैध शराब की भट्टियां ध्वस्त कीं, हजारों लीटर लहन नष्ट

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

जनपद में अवैध शराब के खिलाफ जिला आबकारी अधिकारी राजीव सिंह चौहान व सहायक आबकारी आयुक्त प्रवर्तन के निर्देश पर टीम ने कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान टीम ने आधा दर्जन से अधिक भट्टी तोड़ी और हजारों लीटर लहन नष्ट की। आबकारी विभाग की कार्रवाई से माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। जानकारी के मुताबिक आबकारी अपराध निरोधक क्षेत्र-2 खटीमा व जिला प्रवर्तन दल के संयुक्त टीम ने कई जगहों पर नदी के पास चल रहे अवैध शराब के अड्डे पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान शराब माफियाओं में हड़कंप मच गया। टीम ने अवैध शराब की 6 भट्टियां तोड़ा। हजारों लीटर लहन नष्ट की। टीम ने मौके से 200 लीटर कच्ची शराब भी बरामद की। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा। आबकारी टीम में आबकारी निरीक्षक बृजेश नारायण जोशी, उप आबकारी निरीक्षक देवेन्द्र कुमार व जगदीश कुमार, प्रधान आबकारी सिपाही नितेश भारद्वाज व दीपक कुमार दुबे, आबकारी सिपाही राखी आर्य, दीपक चन्द्र व पंकज जोशी आदि लोग मौजूद रहे।



### डीएम के निर्देश, ओवररेटिंग को चलाएं संघन चैकिंग अभियान

रुद्रपुर। जिलाधिकारी आदेशानुसार जिला आबकारी अधिकारी के निर्देशानुसार सभी क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षकों को निर्देशित किया गया है कि वह ओवररेटिंग के सम्बन्ध में प्रत्येक दुकान से गोपनीय खरीददारी कर सघन चेकिंग करना सुनिश्चित करें। अगर किसी दुकान में ओवररेटिंग की शिकायतें मिल रही है। चैकिंग के दौरान किसी भी दुकान पर ओवररेटिंग पाई गई तो अनुज्ञापी के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही अम्ल में लायी जायेगी।

# विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन

नैनीताल
हमारे संवाददाता

विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर मंगलवार को हाईकोर्ट परिसर स्थित डिस्पेन्सरी में उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल द्वारा राजकीय बी0डी0 पाण्डे जिला पुरुष चिकित्सालय नैनीताल के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

इससे पूर्व शिविर का उद्घाटन कार्यवाहक मुख्य न्यायधीश व मुख्य संरक्षक उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी द्वारा किया गया। हाईकोर्ट न्यायधीश आलोक कुमार वर्मा समेत सदस्य सचिव उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण प्रदीप मणि त्रिपाठी तथा उच्च न्यायालय एवं जिला न्यायालय के न्यायिक अधिकारियों, तथा आना चाहिए बाद में आएगा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव बीनू गुलयानी मुख्य स्थायी अधिवक्ता चंद्रशेखर सिंह रावत सहित कई अधिवक्ताओं तथा उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारियों सहित 45 व्यक्तियों द्वारा रक्तदान किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र सहित उपहार वितरत किये गये। हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी ने इस रक्तदान शिविर की सराहना की है ।



# राइका देवपुरा के छात्र-छात्राओं को चिड़ियाघर नैनीताल एरीज शोध संस्थान भ्रमण कराया

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

समाजसेवियों ने की मदद को 60 छात्र छात्राएं राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवपुरा कोटाबाग के सरकारी स्कूल के छात्र-छात्राओं को नैनीताल जू चिड़ियाघर नैनीताल एरीज शोध संस्थान नैनीताल ले जाया गया।

इन दोनों जगह का टिकट बच्चों को फ्रूटी चॉकलेट बिस्किट नाश्ता लंच हेमंत गोनिया अशोक कटारिया, संतोष ब्ल्यूटिया, प्रदीप बिष्ट, दिनेश पांगती, वंश गोनिया, हरिश्चंद्र जोशी, अमित रस्तोगी, दिलीप कपूर समाजसेवियो द्वारा किया गया है जिनको वास्तव में जरूरत होती है हमारे पास कोई एनजीओ नहीं कोई सरकारी मदद नहीं है यह सब वापस पर मिलकर करते हैं सरकार से शैक्षिक भ्रमण के लिए केवल गाड़ी का किरही मिलता है समाजसेवी द्वारा अब तक ऐसे लगातार कई विद्यालयों की मदद करते रहते हैं स्कूलों को शैक्षिक भ्रमण पर छात्र-छात्राओं को पर्यावरण व जानवर संरक्षण के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया गया प्रधानाचार्य श्रीमान राकेश त्रिपाठी जी ने समाजसेवाओं के कार्यों की प्रशंसा की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



### बांग्लादेश में हो रहे अत्याचार के विरोध में लोगों ने निकाला जुलूस

**अल्मोड़ा/रानीखेत।** बांग्लादेश में हो रहे अत्याचार के विरोध में मंगलवार को कई हिंदू संगठनों के लोग सड़कों पर उतरे। देवभूमि रक्षा मंच के बैनर तले एकजुट लोगों ने नंदादेवी मंदिर परिसर से जुलूस निकाला। लोगों ने केंद्र सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग की। नंदादेवी से निकला जुलूस नगर के बाजारों से होते हुए चौघानपाटा पहुंचा। सभा में वक्ताओं ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद और अन्य अंतरराष्ट्रीय निकायों द्वारा एक स्वतंत्र जांच आयोग गठित किया जाए जो जांच करे।

# एसएसपी ने खोए फोन बरामद कर उनके स्वामी को सौंपें

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने काशीपुर एसओजी टीम ने विभिन्न जगहों से बरामद किए करीब 32 लाख कीमती मोबाईल उनके स्वामियों को सौंपेन। मोबाईल मिलने पर लोगों ने पुलिस का धन्यवाद कहा। एसओजी खोए हुए मोबाईल फोन समय-समय पर बरामद कर उनके स्वामियों को देती रही। इसी के तहत काशीपुर एसओजी टीम खोए और गुमशुदा मोबाईलों को सर्विलांस में लगाकर उत्तराखण्ड, उत्तर प्रदेश, दिल्ली समेत अन्य राज्यों से 235 मोबाईल फोन बरामद किए। बरामद मोबाईलों की आनुमानित कीमती लगभग 32 लाख से अधिक की है। एसएसपी ने मंगलवार को आयोजित जनता दरबार के दौरान बरामद मोबाईल फोन उनके स्वामियों को सौंपें। मोबाईल मिलने पर लोगों के चेहरों पर मुस्कान आ गई। इस दौरान पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे।



# डीएम ने शीतलहर से बचाव को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने शीतलहर के दृष्टिगत जनपद अन्तर्गत शीतलहर से बचाव को पूर्व तैयारियों के सम्बन्ध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने नगर निकायों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि रैन बसेरो में महिलाओ हेतु पृथक से व्यवस्था करते हुये उनकी सुरक्षा/सुगमता हेतु महिला कार्मिक को नोडल नियुक्त किया जाये। सभी नगर निकायों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नगर निकाय अस्थाई एवं स्थाई रैन बसेरो में बेसहारा लोगों के लिए अलाव, बिस्तर, पानी, शौचालय आदि की समुचित व्यवस्थायें सुनिश्चित करें। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शीतकाल के दौरान जिन चिन्हित स्थानों में अलाव जलाये जायेगें। सूचना निर्धारित प्रारूप में प्रतिदिन जियो टैग फोटोग्राफ एंव तापमान की रिपोर्ट सहित आपदा प्रबन्धन कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन, भीड़-भाड़ वाले स्थान के निकट हो ऐसे स्थानें पर अलाव जलाने की व्यवस्था की जाये। उन्होंने कहा कि जनपद के चिन्हित रैन बसेरो के निकटवर्ती स्थलो पर अस्थाई रैन बसेरा बनाये जाने की वैकल्पिक व्यवस्था की जाये। प्रत्येक रैन बसेरे में नोडल अधिकारी रखे चौकीदार/ड्यूटी कार्मिक का नम्बर एवं स्थान की फ्लैक्सी लगाये जाये। डीएम ने उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, अधिशासी अधिकारी, नगर निकायो, सहायक नगर आयुक्त द्वारा प्रत्येक रैन बसेरो का भ्रमण कर वहां की बिस्तर, सप्लाई, पेयजल, विद्युत, टायलेट, बाथरूम की व्यवस्था का अवलोकन कर उसे पूर्णतया सुविधाजनक बनाने हेतु कार्यवाही कर संतोषजनक होने की आख्या फोटो सहित उपलब्ध कराने के निर्देश दिये उन्होने कहा कि अलाव जलाने हेतु वन निगम से जलाऊ लकड़ी क्रय की जाये, यदि अन्य प्रकार की खराब लकड़ी यदि किसी स्त्रोत से प्राप्त होती है तो उसका उपयोग किया जाये। उन्होंने चिकित्साधिकारी, उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, अधिशासी अधिकारी, नगर निकाय निर्देश देते हुए कहा कि चिन्हित चिकित्सालयो में तीमारदारो, जरूरतमंद व्यक्तियों के रहने हेतु बहुउद्देशीय भवन, रैन बसेरे बनाये गये हैं उन स्थलों का संयुक्त भ्रमण कर व्यवस्था को सुदृढ एवं बेहतर बनाने हेतु अपेक्षित कार्यवाही से अवगत कराया जाये। बैठक में एडीएम जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, संयुक्त मजिस्ट्रेट आशिमा गोयल, सीएमओ डॉ मनोज कुमार शर्मा, पीडी हिमांशु जोशी, नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, एसडीएम मनीष बिष्ट, राकेश तिवारी, कौस्तुभ मिश्र आदि अधिकारी मौजूद रहे।